आधुनिकीकरण पर कितना व्यय किये जाने का प्रस्ताव है; और

(ख) जो देशी और विदेशी कंपनियां रेलवे के लिये कारखाने चलाएंगी उनका और उन पर होने वाले व्यय का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

रेलवे द्वारा किया गया आयात

3686. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान किन-किन देशों से और किन-किन कंपनियों अथवा पार्टियों से कितनी-कितनी मात्रा में किस-किस सामान का आयात किया गया हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, सचिव और मंत्रालय ने विदेशों से किये जा रहे इन सौदों को एल–I की कई पार्टियों को न देकर एल–II पार्टियों को दे दिया; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) रेलवे ने देशी कंपनियों से कौन-कौन सी चीजें खरीदी हैं, और दो करोड़ रुपये से अधिक के सौदों, जिनमें सेवायें भी शामिल हैं का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान रेलों ने विभिन्न देशों जैसे यू०के०, फ्रांस, इटली, पोलैण्ड, रोमानिया, ब्राजील, दक्षिण कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, बेल्जीयम, चेकोस्लावाकिया, आस्ट्रिया, आदि से सामान का आयात किया है । पिछले 3 वर्षों में किया गया आयात इस प्रकार है :–

वर्ष	आयात का सी०आई० एफ० मूल्य (लगभग)
1988–89	206 करोड़ रुपये
1989–90	228 करोड़ रुपये
1990–91	235 करोड़ रुपये

बड़ी खरीद (10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य) के आयात का ब्यौरा (विवरण–I **(नीचे देखिये)** में दिया गया है।

(ख) तकनीकी उपयुक्तता, फर्मों द्वारा पेश की गई सुपुर्दगी अनुसूची की उपयुक्तता, फर्मों की माल के निर्माण/ और उसकी आपूर्ति की क्षमता और सामर्थ्य, वाणिज्यिक शर्तों में प्रमुख परिवर्तन कर सकने की गुंजाइश, दरों की व्यावहारिकता आदि जैसे विभिन्न पहलुओं पर विचार कर लेने के बाद खरीद की जाती हैं।

(ग) रेलों द्वारा की गई खरीद का ब्यौरा, आवधिक रूप से प्रकाशित किये जाने वाले भंडार बुलेटिनों और प्रकाशन नियंत्रक, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किये जाने वाले इंडियन ट्रेड जर्नल में भी दिया जाता है। बहरहाल, पिछले 3 वर्षों के दौरान स्वदेशी सप्लायरों से (10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य) कुछ बड़ी खरीद का ब्यौरा विवरण–II में दिया गया है।

विवरण–I

क्रम सं०	मद का नाम	मात्रा		आयात का सी० आई० एफ० मूल्य करोड़ (रुपयों में)	फर्म और देश का नाम
1	2	3		4	5
1.	क्वाइल स्प्रिंग संयंत्र के लिए मशीन	---		15.17	मैसर्स ऊनेरट काम्परो-स्वार्ड एंड कंपनी, जर्मनी
2.	इस्पात की चादरें	9766	टन	10.41	जापानी मिल की ओर से मैसर्स महिन्द्रा एंड महिन्द्रा
3.	इस्पात की चादरें और प्लेटें	17551.80	टन	18.42	मैसर्स डावल, फ्रांस, मैसर्स थाइसन, जर्मनी मैसर्स आवसीबल, बेल्जियम
4.	पटरियां	25000	टन	17.81	मैसर्स ट्रांसवता फारेन ट्रेड कार्पोरेशन चकोस्लावाकिया
5.	पटरियां	20000	टन	14.25	मैसर्स स्टालएक्सपोर्ट, पोलैंड
6.	ट्रेक टी आईसी टेम्पिंग मशीनें	30	अदद	42.5	मैसर्स प्लासर एण्ड थ्यूरर, आस्ट्रिया
7.	प्वाइंट आसिंग मशीनें	10	अदद	14.7	मंसर्स प्लासर एण्ड थ्यूरर, आस्ट्रिया
8.	बूस्टर फ्रांसफार्मर	759	अदद	10.7	मैसर्स गेनेला, इटली
9.	तांबा	2728	टन	14.31	मैसर्स मेटल डिस्ट्रिब्यूटर्ज, यू. के.
10.	पटरियां	46000	टन	39.00	मैसर्स ब्रिटिश स्टील एक्स, पोर्ट लिमिटेड, यू. के.
11.	पटरियां	46000	टन	39.00	मैसर्स फैमेक्स, बेल्जियम
12.	कोरोज्रन इस्पात की चादरें	9330	टन	10.51	जापान के सप्लायरों की ओर से मैसर्स महिन्द्रा महिन्द्रा
13.	इस्पात की प्लेटें	11453	टन	13.94	मैसर्स मित्सुबिशी कार्पोरेशन जापान
14.	इस्पात की चादरें	9117	टन	12.09	मैसर्स थाइसन, जर्मनी
15.	पहिया सेट	5700	अदद	12.50	मैसर्स कोलमेक्स, पोलैंड

1	2	3		4	5
16	पहिया	12960	अदद	11.44	मैसर्स मफर्सो, ब्राजील
17	पहिया सेट	4660	अदद	11.37	मैसर्स कोलमेक्स पोलैंड और मैसर्स मेकनो एक्स-पोर्ट-इम्पोर्ट, रोमानिया
18	पटरियां	40000	टन	20.00	मैसर्स सिडनी स्टील कार्पोरेशन, कनाडा
19	पटरियां	40000	टन	20.00	मैसर्स ली भटेरियलडी वोई, फ्रांस
20	गिट्टी सफाई मशीन	4	अदद	16.00	मैसर्स प्लासर एण्ड थ्यूरर, आस्ट्रिया
21	पटरियां	69000	टन	61.00	मैसर्स फेरो इलेक्ट्रो, यूगो-स्लाविया
22	क्रैंकशाफ्ट्स (ब.ला.व. मी. ला.)	428	अदद	17.31	मैसर्स नेशनल फोर्ज कंपनी, संयुक्त राज्य अमरिक
23	इस्पात की चादरें	8271	टन	10.29	मैसर्स थाइसन, जर्मनी
24	इस्पात की चादरें	11921	टन	11.63	मैसर्स मेटल एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट, रोमानिया
25	इस्पात की चादरें	8456	टन	10.29	—वही—

विवरण–II

10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की स्वदेशी खरीद

क्रम सं.	मद	फर्म का नाम	मात्रा
1	2	3	4
1	प्राइमरी आयल	मैसर्स इंडियन आयल कार्पोरेशन मैसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन मैसर्स भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन	2000 के एल
2	नियंत्रित पेट्रोल तेल स्नेहक की मदें	मैसर्स इंडियन आयल कार्पोरेशन	19660 के एल
3	मुख्य दूर संचार केबल	मैसर्स हिन्दुस्तान केबुल्स (पश्चिम बंगाल)	412.30 कि.मी.
	,,	,,	703.50 कि.मी.

1	2	3	4
5	पटरियां	मैसर्स सेल	10.25 लाख टन
6	एस. टी. स्लीपर	मैसर्स सेल	95,500 टन
7	टायरज	मैसर्स एचजे इण्डस्ट्री	28,949 अदद
8	मेन ट्रांसफार्मर 3900 के.वी.ए.	(क) नेशनल गवर्नमेंट इलेक्ट्रिकल फैक्टरी	51
		(ख) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	31
		(ग) क्राम्पटन ग्रीव्ज लिमिटेड	20
			102
9	स्नैप रिंग सहित मेन पिस्टन	मैसर्स एस्कोर्ट्स	14641
10	स्टील ब्लूमज़	(क) टाटा आयरन एण्ड स्टील कं. लिमिटेड	9600 एम.टी.
		(ख) महिन्द्रा युगीन स्टील कम्पनी	3600 ,,
		(ग) स्टील अथारिटी आफ़ इंडिया लिमिटेड	6100 ,,
		(घ) विश्वसरैया आयरन एण्ड स्टील कं. लिमिटेड	100 ,,
			19400 ,,
11	1500 वोल्ट का उच्च गति सर्किट ब्रेकर	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	272
12	कर्षण मोटर	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	300
13	मेन ट्रांसफार्मर 3900 के.वी.ए.	(क) नेशनल गवर्नमेंट इलेक्ट्रिकल फैक्टरी	50
		(ख) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	32
		(ग) क्राम्पटन ग्रीव्ज	24
			106
14	स्टील ब्लूमज़	(क) टाटा आयरन एण्ड स्टील कं. लिमिटेड	9000 एम.टी.
		(ख) महिन्द्रा युगीन स्टील कम्पनी	5000 ,,
		(ग) स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड	12230 ,,
		(घ) विश्वसरैया आयरन एण्ड स्टील कंपनी लिमिटेड	500 ,,
			26730 ,,
15	बैंक शाफ्ट	हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन, रांची	150